संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की एक बैठक दिनांक **20.11.2015** को अपरान्ह **04:00 बजे** भा0प्रौ0सं0 के प्रशासनिक खण्ड के प्रथम तल पर स्थित समिति कक्ष में सम्पन्न हुई:–

निम्नलिखित सदस्य समिति में उपस्थित हुए :–

1.	प्राचार्य राजीव संगल, निदेशक	–	अध्यक्ष
2.	प्राचार्य अनिल कुमार त्रिपाठी, डीन (संसाधन एवं पूर्व छात्र)	–	उपाध्यक्ष
3.	डा0 शुभेन्दु प्रकाश माथुर, कुलसचिव	–	सदस्य
4.	प्राचार्य संजय कुमार पाण्डेय, गणितीय विज्ञान विभाग	–	सदस्य
5.	प्राचार्य सुशान्त कुमार श्रीवास्तव, भैष्जिकीय विभाग	–	सदस्य
6.	डा0 सत्यवीर सिंह, रसायनिकी अभियांत्रिकी विभाग	–	सदस्य
7.	राजन श्रीवास्तव, उपकुलसचिव (प्रशासन)	–	आमंत्रित सदस्य
8.	सहायक कुलसचिव (प्रशासन–द्वितीय)	–	सदस्य सचिव

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यों का स्वागत किया गया। निदेशक महोदय तथा समिति के सदस्यों द्वारा चर्चा एवं विचार–विमर्श किया गया। सम्यक् विमर्श के उपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिए गये:

1. संस्थान में विभिन्न संकायों/विभागों/इकाइयों तथा अनुभागों का प्रपत्र हिंदी में जारी किया जाए।
2. हिन्दी भाषा में उत्कृष्ट कार्य करने तथा कार्यालयी प्रक्रिया में हिन्दी के प्रयोग के प्रोत्साहन हेतु प्रशिक्षण, अभिनन्दन समारोह तथा पारितोषिक की व्यवस्था की जाए।
3. अध्यक्ष महोदय द्वारा कार्यालयी काम–काज में हिन्दी में टंकण विशेष रूप से यूनिकोड में किया जाना सुनिश्चित करने हेतु दिशा–निर्देश दिये गये।
4. हिन्दी भाषा के प्रयोग हेतु संस्थान के कर्मचारियों को हिन्दी का प्रशिक्षण प्रदान किया जाए ताकि उनके द्वारा हिन्दी में टिपण्ण लिखी जा सके।
5. कार्यालयी कार्य में हिंदी की मानक प्रशासनिक शब्दावली का प्रयोग किया जाए।
6. हरे पत्र पर टिप्पणी का लेखन प्राथमिक तौर पर हिंदी में ही किया जाय।
7. संस्थान के समस्त अधिष्ठातागण, शिक्षकगण तथा अधिकारियों के नाम–पटट् द्विभाषी लिखे जाए जिसमें हिन्दी में लिखा हुआ भाग पहले हो।
8. विभाग/संकाय तथा संस्थान स्तर पर जारी की जाने वाली पत्रिका एवं संस्थान का वार्षिक प्रतिवेदन हिंदी में भी जारी किया जाए।
9. संस्थान की वेबसाइट पर वार्षिक प्रतिवेदन हिंदी में भी अपलोड किया जाए।
10. उपस्थिति पंजिका में नाम हिंदी में लिखा जाए।
11. चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों से पत्राचार हिंदी में ही किया जाए।
12. जहां तकनीकी शब्दावली की जरूरत न हो वहां बिना प्रशिक्षण के हिंदी में टिप्पण प्रारम्भ कर दिया जाए।
13. कम्प्यूटर पर कार्य करने हेतु कुंजी–पटल(की–बोर्ड) द्विभाषी हो।
14. लिपिक वर्ग के लिए करीब 15–20 की–बोर्ड क्रय किये जाए।

15. पोर्टल द्विभाषी हो तथा शैक्षणिक पोर्टल तैयार किया जाए।
16. हिंदी कवियों की गोष्ठी (सम्मेलन), छात्र समागम् आदि का आयोजन माह– नवम्बर में एवं संस्थान के प्रथम पूर्व छात्र समागम में हिंदी काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा सकता है।
17. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की एक उप–समिति गठित की जाए एवं उप–समिति त्रैमासिक लक्ष्य तय करें।
18. समस्त अधिष्ठातागण व अन्य सदस्यों को शामिल करते हुए इसका विस्तार किया जाए।

बैठक अध्यक्ष महोदय को धन्यवाद के साथ सम्पन्न की गई।

(संजय कुमार पाण्डेय) सदस्य	(सुशान्त कुमार श्रीवास्तव) सदस्य	(गंगाराम) सदस्य सचिव
(सत्यवीर सिंह) सदस्य	(शुभेन्दु प्रकाश माथुर) सदस्य	(राजन श्रीवास्तव) आमंत्रित सदस्य
(अनिल कुमार त्रिपाठी) उपाध्यक्ष		(राजीव संगल) अध्यक्ष